Title: Construction of Dam and Expansion of Micro-farming.

श्रीमती हिमाद्री सिंह (शहडोल): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से जलशक्ति मंत्री, भारत सरकार से अनुरोध करती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र शहडोल के जिला अनुपपुर के अंतर्गत विकास खंड अनोकपुर कोथमा जतहरी में सोन नदी एवं केवई नदी का प्रवाह है ।

माननीय प्रधानमंत्री जी की मंशा है कि किसानों की आमदनी दोगुनी हो, इसके लिए हमको संसाधन बनाने होंगे । मेरे संसदीय क्षेत्र जिला अनूपपुर के अंतर्गत विकास खंड कोथमा के ग्राम पथरौरी के पास केवई नदी में स्टोरेज वेयर पर बांध निर्माण करने से यहां के आसपास के गांवों को माइक्रो सिंचाई के माध्यम पानी पहुंचाया जा सकता है ।

इसी प्रकार विकास खंड अनूपपुर और जतहरी, ग्राम पंचायत चौरी और चोलना के बीच में सोन नदी में स्टोरेज वेयर निर्माणाधीन है । यहां से भी माइक्रो सिंचाई योजना का विस्तारीकरण करके ग्राम चौरी, पौरी, बरबसपुर, चोलना ग्राम के किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाया जा सकता है ।

पानी की समुचित व्यवस्था हो जाने से किसान फसल उगाकर अपनी आय दोगुनी कर सकेंगे और भारत सरकार सरकार के सबका साथ, सबका विकास में अपनी सहभागिता दर्ज करा सकेंगे । धन्यवाद ।